श्री दीवान कृष्ण किशोर सनातन धर्म आदर्श संस्कृत कॉलेज एवं शोध संस्थान जगाधरी रोड, अम्बाला, हरियाणा - 133001

[(अधीन शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं संबद्ध केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली)

श्री दीवान कृष्ण किशोर जी ने मंगलवार दिनांक ०८ फरवरी १९१६ वसंत पंचमी (विक्रम संवत् १९७३ माघ शुक्ल पक्ष, पंचमी तिथि) के शुभ अवसर पर इस शैक्षणिक संस्था की स्थापना की थी। देववाणी संस्कृत भाषा के परंपरागत स्वरूप के उत्थान के प्रति उनकी भावना बहुत गहरी थी और उन्होंने इस देवभाषा की ज्योति जलाने के उद्देश्य से सनातन धर्म आदर्श संस्कृत कॉलेज की स्थापना की थी। प्रत्येक वर्ष श्री दीवान कृष्ण किशोर जी को स्मरण करते हुए वसंत पंचमी के दिन इस कॉलेज में यज्ञोपवीत (जनेऊ) संस्कार (हिन्दू धर्म के सोलह संस्कारों में से एक है, जिसे उपनयन संस्कार भी कहते हैं।) समारोह का आयोजन किया जाता है और बटुकों का उपनयन किया जाता है ताकि वे वेदारंभ और ब्रह्मचर्य जीवन में प्रवेश कर सकें।

.

यज्ञोपवीतसंस्कारसमारोहः
माघशुक्लपंचमी तदनुसारं दिनांक : 23/01/2026 शुक्रवासरः समयः प्रातः 09:00 वादने
महाविद्यालयस्य(110)दशोत्तरशतं स्थापनावसरे वसन्तपञ्चम्यां
उपनयनसंस्कारसमारोहस्य सामूहिकमायोजनम्
"ॐ यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं, प्रजापतेर्यत् सहजं पुरस्तात्। आयुष्यमग्र्यं प्रतिमुञ्चशुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः।।
संयोजक :
डॉ॰ मनीषभारद्वाजः
वेदविभागः
स्थानम्
प्राचार्यः
डा. विष्णु दत्त शर्मा
प्राचार्य

श्री दीवान कृष्ण किशोर सनातन धर्म आदर्श संस्कृत कॉलेज के ११० वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में इस वर्ष आयोजित 'यज्ञोपवीत संस्कार समारोह' दिनांक - २३ जनवरी २०२६ को संपन्न हुआ। इस समारोह में मुख्य अतिथि श्री ऋषभ सोनी जी, सम्मानित अतिथि श्री राणा जी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विष्णु दत्त शर्मा जी, डॉ. श्यामनाथ झा जी और अन्य प्राध्यापक वर्ग ने यज्ञोपवीत में सहभागी सभी बटुकों को आशीर्वचन दिए जो तीन ऋणों (देव, ऋषि, पितृ) के प्रति दायित्व का स्मरण कराता है। समारोह में उपस्थित बटुकों के माता - पिता ने अपने आशीर्वचन दिए। प्राचार्य डॉ. विष्णु दत्त शर्मा जी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। महाविद्यालय के अशैक्षणिक वर्ग के कर्मचारियों ने इस समारोह को सफल बनाने में अहम भूमिका निभायी।

इस कार्यक्रम के अवसर पर सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान डॉक्टर देशबंधु शर्मा जी एसडी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र राणा जी हमारे कॉलेज के प्राचार्य डॉ विष्णु दत्त शर्मा जी एवं समस्त प्राध्यापक प्राध्यापिकाएं छात्र-छात्राएं तथा कर्मचारी गण भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम संयोजक :- डॉ. मनीष भारद्वाज
सह संयोजक डॉ. बुद्धिवल्लभ देवराडी

प्राचार्य
डॉ विष्णुदत्त शर्मा